साान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 02 | अंक - 254 | जौनपुर, सोमवार, 10 जून 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### अधर में जो है अटकी हुई, वो तो कोई सरकार नहीं – अखिलेश

लखनऊ, संवाददाता। यूपी में समाजवादी पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। अब वो खुलकर अपनी आगे की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं और भाजपा को निशाने पर ले रहे हैं। सपा लोकसभा चुनाव में यूपी में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और सभी को चौंकाते हुए 37 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि भाजपा यूपी में 33 सीटें जीती हैं। चुनाव के पहले भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का दावा कर रही थी। रविवार को एनडीए सरकार जिसे मोदी 3.0 भी कहा जा रहा है के शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने तंज कसा और शपथ लेने वाली सरकार को अधर में अटकी हुई करार दिया है। अखिलेश ने सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं... अधर में जो है अटकी हुई वो तो कोई 'सरकार' नहीं। बता दें कि नरेंद्र मोदी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे साथ ही उनके मंत्रिपरिषद के सहयोगी भी शपथ लेंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें प्राप्त हुई हैं और भाजपा लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बना सकी। हालांकि, एनडीए की कुल सीटें बहुमत से ज्यादा हैं। ऐसे में इसे एनडीए सरकार की कहा जा रहा है।

### लखनऊ के ईशान को जेईई एडवांस में 346वीं रैंक

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ के ईशान कृष्ण अग्रवाल ने देश की प्रतिष्ठित जेईई एडवांस परीक्षा में 346वीं रैंक हासिल की है। आईआईटी की इस प्रवेश परीक्षा में शीर्ष 500 में स्थान हासिल करना ईशान की असाधारण योग्यता और दृढ़ता का प्रमाण है। मूलरूप से गोरखपुर के रहने वाले ईशान की प्रारंभिक शिक्षा–दीक्षा अयोध्या में हुई। उनके पिता एमपी अग्रवाल आईएएस हैं और वर्तमान में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं। वह अयोध्या के जिलाधिकारी व मंडलायुक्त भी रहे हैं। ईशान अपनी शैक्षणिक यात्रा में हासिल इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय अपने पिता एमपी अग्रवाल और मां अर्चा अग्रवाल को देते हैं, जिन्होंने उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन और संसाधन प्रदान किया। वह कहते हैं कि ईश्वर की कृपा और माता–पिता के आशीर्वाद से उन्हें कड़ी मेहनत के लिए ताकत मिलती रही। ईशान के बड़े भाई अमोघ विक्रम अग्रवाल ने भी जेईई एडवांस परीक्षा 2020 में देश में 468वीं रैंक हासिल की थी। अमोघ ने आईआईटी दिल्ली से इस साल स्नातक किया है।

## मोदी सरकार में पहली बार मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली, एजेंसी। मध्य प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा चेहरा हैं शिवराज सिंह चौहान। वे चार बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे और अब पहली बार उन्हें केंद्रीय मंत्री बनने का मौका मिला है। वे राज्य की राजनीति से बाहर निकलकर केंद्र में आ गए हैं। उन्होंने छठे नंबर पर मंत्री पद की शपथ ली। शिवराज सिंह चौहान पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और उसके बाद उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जरिए राजनीति के मैदान में कदम रखा। आपातकाल के दौरान चौहान जेल भी गए। उन्होंने अपने जीवन का पहला चुनाव 1975 में मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्र संघ के अध्यक्ष के तौर पर लड़ा और जीते भी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से चौहान भारतीय जनता युवा मोर्चा में पहुंचे और प्रदेश के संयुक्त सचिव बने। शिवराज सिंह चौहान ने पहला विधानसभा चुनाव 1990 में बुधनी से लड़ा और जीत दर्ज की। एक साल बाद ही उन्हें वर्ष 1991 में विदिशा से लोकसभा का चुनाव लड़ने का मौका मिल गया। उस समय अटल बिहारी वाजपेई विदिशा और लखनऊ दोनों सीटों से निर्वाचित हुए थे। उन्होंने विदिशा सीट को खाली कर दिया था। इसी संसदीय क्षेत्र से चौहान वर्ष 1996, 1998 ,1999 और 2004 में निर्वाचित हुए।

## मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी... तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने ली प्रधानमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेकर नरेंद्र मोदी ने देश में नया इतिहास रच दिया है। हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जबर्दस्त बहुमत हासिल की जिसके बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनी है। नरेंद्र मोदी पहली बार 2014 में प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 2019 में उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला था। जवाहरलाल नेहरू के बाद वह पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद और गोपनीयता की उन्हें शपथ दिलाई। नरेंद्र मोदी के बाद उनके मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों ने शपथ लिया जिसमें सबसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह थे। नरेंद्र मोदी के ठीक बाद राजनाथ सिंह ने शपथ ग्रहण किया। राजनाथ सिंह के बाद

अमित शाह ने शपथ ग्रहण किया। अमित शाह 2019 में पहली बार देश के गृह मंत्री बने थे। वह निवर्तमान सरकार में गृह मंत्री थे। अमित शाह गांधीनगर से दूसरी बार संसद के रूप में दिल्ली पहुंचे हैं। अमित शाह के बाद नितिन गडकरी ने शपथ लिया। नितिन गडकरी नागपुर से चुनाव लड़ते हैं। वह 2014 से लगातार केंद्र में मंत्री बने हुए हैं। यह तीसरा मौका है जब वह नरेंद्र मोदी के सरकार में मंत्री पद संभालने जा रहे हैं। भाजपा नेता जेपी नड्डा ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। शिवराज सिंह चौहान ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है। भाजपा नेता निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। डॉ. एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा नेता मनोहर लाल ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा नेता पीयूष वेदप्रकाश गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के संस्थापक जीतन राम मांझी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। जेडीयू नेता राजीव रंजन (ललन) सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा नेता सर्बानंद सोनोवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

## यूपी में पेपर लीक और साल्वर गैंग से निपटने के लिए बनेगा नया कानून – सीएम योगी

लखनऊ, संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं के हित संरक्षण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। हर एक युवा की मेहनत, मेधा और प्रतिभा का सम्मान है। पेपर लीक या साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। ऐसे प्रकरणों में अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कठोर कानून लाया जाना आवश्यक है। इसके लिए यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए। सीएम ने पेपर सेट करने से लेकर ओएमआर सीट स्कैनिंग और परिणाम तैयार करने के लिए अलग–अलग एजेंसियों की मदद लेने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए शनिवार को विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। चयन परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और गोपनीयता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया। इसके अलावा चयन प्रक्रिया की समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने आयोगों

में प्रचलित चयन प्रक्रियाओं और भावी कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी ली।

एक दिन में होगी एक ही परीक्षा

सीएम ने कहा, चयन आयोगों से अपेक्षा है कि वे परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें और कड़ाई के साथ उसका अनुपालन करें। सभी चयन आयोग परस्पर समन्वय से यह सुनिश्चित करें कि एक दिन में एक ही परीक्षा आयोजित की जाए। कुछ पदों के लिए शैक्षिक अर्हता निर्धारण में 'समकक्ष योग्यता' के संबंध में विसंगतियों की सूचना प्राप्त हुई है। संबंधित विभाग प्रकरण का समाधान कर आयोग को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। चयन परीक्षाओं के सेंटर के लिए राजकीय माध्यमिक, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज या साफ–सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले वित्त पोषित शैक्षिक संस्थान ही सेंटर बनाए जाएं।

गड़बड़ होने पर डीएम और डीआईओएस भी होंगे जवाबदेह

सीएम ने कहा कि एडेड कॉलेज को सेंटर बनाया जाता है तो संबंधित प्रबंधक परीक्षा व्यवस्था में कहीं से भी शामिल न हों। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में दूसरे संस्थान के प्रधानाचार्य को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को भी व्यवस्था से जोड़ें। गड़बड़ी हुई तो इनकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। सीएम ने कहा कि शिक्षक चयन की प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए हाल ही में शिक्षा सेवा आयोग का गठन किया गया है। इसके सदस्य नामित किए जा चुके हैं। अध्यक्ष की नियुक्ति भी यथाशीघ्र कर दी जाएगी। नवगठित आयोग से चयन की कार्यवाही समय से प्रारंभ करने की अपेक्षा है।

अब एक ही एजेंसी नहीं कराएगी पूरी परीक्षा

योगी ने कहा कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई, कोषागार तक पहुंचाने, कोषागार से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने, परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, परीक्षा के बाद ओएमआर आयोग तक पहुंचाने, ओएमआर की स्कैनिंग, परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग–अलग कार्यों के लिए अलग–अलग एजेंसियों का उपयोग करें। एजेंसी के रिकॉर्ड की भलीभांति जांच करने के बाद ही दायित्व दें।

अलग एजेंसी से छपवाए जाएंगे अलग–अलग पेपर

उन्होंने कहा कि हर पाली में दो या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। प्रत्येक सेट के प्रश्नपत्र की छपाई अलग–अलग एजेंसी का माध्यम से कराया जाना चाहिए। पेपर कोडिंग को भी और व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो।

एसटीएफ के संपर्क में रहें चयन आयोग

सीएम ने कहा कि शुचिता और गोपनीयता के लिहाज से चयन आयोगों को शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों और एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए। परीक्षाओं की शुचिता के संबंध में आवश्यक सुधार की यह प्रक्रिया तत्काल प्रभाव में लानी होगी। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग चयन आयोगों से संवाद कर यथाशीघ्र इसे लागू कराए।

## पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया राज्य सरकार की प्राथमिकता – सीएम शर्मा

राजस्थान, एजेंसी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि युवाओं को बेरोजगारी के दंश से मुक्ति दिलाने के लिए सभी भर्तियों को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से तय समय में पूरा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करने और उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में

विभिन्न विभागों में रिक्त पदों एवं प्रक्रियाधीन भर्तियों के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार के कुछ ही महीनों के कार्यकाल में अब तक विभिन्न विभागों में साढ़े 16 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 29 जून को राज्य के विभिन्न विभागों में सात हजार से अधिक पदों पर हुई भर्ती परीक्षाओं के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने निर्देश दिए कि समस्त विभाग भर्तियों के लक्ष्य निर्धारित कर भर्ती एजेंसी को हर वर्ष दिसंबर में अर्थना प्रेषित करें एवं भर्ती एजेंसियां कैलेंडर जारी कर समयबद्ध रूप से परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोजित की जा चुकी सभी परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र जारी किए जाएं तथा 11 हजार से अधिक पदों पर जारी परीक्षा परिणाम के सफल अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए। शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''पिछली सरकार के कार्यकाल में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपरलीक और नकल के मामले सामने आने के बाद राज्य का युवा निराशा में डूब गया था।'' उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुई तमाम भर्तियों की समीक्षा करवाई जा रही है। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 41,413 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा चुके हैं तथा 11,633 पदों पर परीक्षा आयोजित कराई गई है।

## गिरिराज सिंह और मनोहर लाल पीएम द्वारा बुलाई गई बैठक में हुए शामिल

बिहार, एजेंसी। बेगूसराय सीट से भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद गिरिराज सिंह ने उन पर पुनः विश्वास जताने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सभी सांसदों को संदेश दिया है। जिसके लिए सांसदों को हमेशा जनता के बीच में रहकर काम करना होगा। सिंह ने उम्मीद जताई कि बिहार के सभी घटक दल पहले भी एनडीए के साथ थे और आगे भी साथ ही रहेंगे। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 10 साल मेहनत के बाद भी कांग्रेस 100 सीट तक भी नहीं पहुंच पाई है।

## मोदी सरकार 3.0 में मंत्री बन सकते हैं नड्डा, खत्म हो रहा भाजपा अध्यक्ष पद का कार्यकाल

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा प्रमुख जगत प्रकाश नड्डा नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री पद की शपथ लेंगे। वह संभवतः निर्वाचित प्रधान मंत्री और उनके मंत्रिपरिषद के साथ पद की शपथ लेंगे। नड्डा का भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा है। नड्डा को हिमाचल प्रदेश कोटे से मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, गुजरात से सांसद सीआर पाटिल भी आज राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे. जद (एस) नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी का नाम आज शपथ लेने वाले नेताओं की अस्थायी सूची में सामने आया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, तेलंगाना के नेता बंदी संजय कुमार और किशन कुमार रेड्डी, पंजाब के भाजपा नेता रवनीत बिट्टू आज शपथ लेंगे। राजस्थान से गजेंद्र सिंह शेखावत, जेडीयू नेता ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर और गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय भी आज मंत्री बनेंगे। HAM प्रमुख जीतन राम मांझी, एलजेपी नेता चिराग पासवान, जितिन प्रसाद और लक्ष्मी कांत बाजपेयी भी आज शपथ लेंगे।

किरेन रिजुजू को भी कैबिनेट में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल में कुमारस्वामी को शामिल करने को दक्षिणी राज्यों, विशेषकर कर्नाटक में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भाजपा द्वारा एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जाता है, जहां जद (एस) को महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त है, खासकर वोक्कालिगा समुदाय–प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में। बीजेपी नेता निर्मला सीतारमण और सर्बानंद सोनोवाल को भी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। इससे पहले आज, कई राजनेताओं को चाय बैठक के लिए निर्वाचित पीएम के घर बुलाया गया था।

## गजेन्द्र सिंह ने तीसरी बार मंत्रि परिषद में शामिल करने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें लगातार तीसरी बार मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए धन्यवाद दिया। अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ मोदी रविवार को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शेखावत ने संवाददाताओं से कहा कि वह मोदी के नेतृत्व में एक टीम के हिस्से के रूप में काम करेंगे और सभी वादों को पूरा करेंगे तथा देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

## मैं संसद में आपकी आवाज बनूंगा - राहुल

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट–यूजी)' मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि नए कार्यकाल के लिए मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित ''अनियमितताओं'' के कारण 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। नीट–यूजी में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा,

''नरेन्द्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है।'' कांग्रेस के पूर्व प्रमुख ने कहा कि एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतर अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहते हैं। ऐसे अंक कितने छात्रों को मिलते हैं। यह तकनीकी रूप से संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार प्रश्न पत्र लीक की संभावना को लगातार नकार रही है। शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस 'प्रश्न पत्र लीक उद्योग' से'' निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक मजबूत योजना बनाई थी। हमने अपने घोषणा पत्र में कानून बनाकर छात्रों को 'प्रश्न पत्र लीक से मुक्ति' दिलाने का संकल्प लिया था। गांधी ने कहा, ''आज मैं देश के सभी छात्रों को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाऊंगा। 'इंडियन नेशनल डेव्लपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' पर भरोसा जताया है और 'इंडिया' उनकी आवाज को दबने नहीं देगा। नकराते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं।

## मोदी सरकार एक साल से ज्यादा नहीं चलेगी – संजय

प्रयागराज, संवाददाता। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी। यहां सर्किट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने कहा, "यह जो सरकार (मोदी सरकार) बनने जा रही है, इसकी आयु छह महीने से लेकर एक साल की है। इससे ज्यादा यह सरकार नहीं चलेगी। राजग की एक सरकार 13 दिन चली, एक 13 महीने चली और मौजूदा सरकार छह महीने से लेकर एक साल के अंदर गिर जाएगी।" उन्होंने दावा किया, "इनके घटक दलों की जो अपेक्षाएं इनसे हैं, ये वैसा कुछ करने वाले नहीं हैं। पार्टियों को तोड़ने का इनका रवैया है और उससे ये बाज नहीं आएंगे। ये राजनीतिक दलों को तोड़ेंगे।" सिंह ने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और जनता दल (यू) को अपना लोकसभा अध्यक्ष बनवाना चाहिए और अगर ऐसा न हुआ तो "आपकी पार्टी के कितने सांसद टूटकर इनसे (भाजपा) मिलेंगे, इसका कोई भरोसा नहीं है। नीट की परीक्षा को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए 'आप' नेता ने कहा, "नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है, उसकी जांच होनी चाहिए और जो लोग भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# संपादकीय

## प्रिय भारतीय मतदाताओं

2024, 2014 नहीं है। पूर्ण बहुमत के रूप में स्पष्ट जनादेश सत्तारूढ़ पार्टी को नहीं मिल पाया है। हममें से अधिकांश लोगों ने सोचा था कि 2024 के चुनाव परिणाम 2004 की तरह ही होंगे, जब 'इंडिया शाइनिंग' अभियान मतदाताओं को लुभाने में विफल रहा था। हालाँकि, 2004 में सत्ता परिवर्तन पूर्ण हो गया थाय 2024 में ऐसा नहीं है। फिर भी, जब परिणाम आने लगे, तो नागरिकों के एक बड़े वर्ग में अभूतपूर्व राहत की भावना देखी गई। देश में माहौल ऐसा था कि ऐसा लग रहा था कि चुनाव में भारत ब्लॉक ही असली विजेता है, भले ही उसे बहुमत न मिला हो। क्या यह सिर्फ विरोधी को पूर्ण बहुमत न मिलने पर खुशी की स्वाभाविक भावना थी? या इसके अलावा कुछ और था? कई विश्लेषकों ने कहा है कि इतनी विविधता वाले देश के लिए एक त्रिशंकु संसद ˙hung parliament एक राजनीतिक रूप से उपयुक्त विचार है। क्या यह जानकर खुशी होना कि भारत एक त्रिशंकु संसद की ओर बढ़ रहा है, सिर्फ इस राजनीतिक सामान्य ज्ञान का मामला है? चिलचिलाती गर्मी में असामान्य रूप से लंबे चुनावी मौसम के बाद और मतपत्रों के सील हो जाने के बाद, टेलीविजन पर एग्जिट पोल ने बहुत ही गलत नतीजे पेश किए थे। वास्तविक नतीजे एग्जिट पोल द्वारा सुझाए गए नतीजों से बहुत अलग थे। 4 जून की दोपहर तक देश ने राहत की सांस ली थी, जब उसे पता चला कि पोल करने वाले एक मजेदार सफर पर थे – उनके अदृश्य मेजबानों का जिक्र करने की कोई जरूरत नहीं है – लेकिन क्या राहत की यह भावना लोगों की राजनीतिक संबद्धता का नतीजा थी या यह कुछ और ही था? मैं ये सारे सवाल इसलिए उठा रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि भारत के लोगों ने चुनाव नतीजों पर जिस तरह से प्रतिक्रिया दी है, वैसा पिछले किसी भी चुनाव में नहीं देखा गया, सिवाय एक अपवाद के – 1977 के चुनावों में। मार्च 1977 के चुनाव ने आपातकाल को खत्म कर दिया था। 2024 के चुनाव ने एक ही पार्टी द्वारा पूर्ण बहुमत वाली सरकार के दो कार्यकालों के अलावा और क्या खत्म किया? किस्से–कहानियां तथ्यों का सबूत नहीं हैं। लेकिन वे अक्सर एक सच्चाई की ओर इशारा करते हैं, जिसे तथ्य खुद नहीं बता सकते। इसलिए मैं किस्से–कहानियों का सहारा लेता हूँ। कुछ साल पहले, जस्टिस ए.पी. शाह ने मुझसे समाज में उनके योगदान के लिए कुछ उत्कृष्ट व्यक्तियों को स्मृति पुरस्कार देने के लिए कहा था। एनडीटीवी के पूर्व एंकर और राजनीतिक जीवन में ईमानदारी के योद्धा रवीश कुमार उनमें से एक थे। यह समारोह महाराष्ट्र के शोलापुर में आयोजित किया गया था, जहाँ मुसलमानों की अच्छी खासी आबादी है। समारोह में दर्शकों में कुछ मुसलमान भी थे। मुझे पता चला कि उनमें से एक मेरा जूनियर था, जब मैं आपातकाल के दौरान कोल्हापुर में शोध छात्र था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद, हम कुछ देर के लिए मिले और एक–दूसरे के परिवारों और उनके हालचाल पूछे। मैंने उनसे पूछने की कोशिश की कि क्या शोलापुर के मुसलमान इस व्यवस्था से खुश हैं। मैंने देखा कि वे सामाजिक और राजनीतिक मामलों पर कोई बातचीत नहीं करना चाहते थे। तब से, वे संपर्क में रहे लेकिन कभी राजनीति से जुड़ा कोई विषय नहीं उठाया। 4 जून की शाम को, उन्होंने – लगभग खुशी से – मुझे फोन किया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए रवीश कुमार को अपना आभार व्यक्त करने के लिए कहा। पिछले एक दशक में लाखों लोग भयभीत रहे होंगे, भले ही वे व्यक्तिगत रूप से या सीधे तौर पर शासन से प्रभावित न हुए हों। इन लोगों को लगा कि चुनाव के नतीजों ने उन्हें भय से मुक्त कर दिया है। मैंने केवल एक उदाहरण दिया है, हालांकि कई लोग थे – सभी वर्गों, जातियों और उम्र के – जिन्होंने इसी तरह की भावना व्यक्त की। भारत सरकार के एक पूर्व सचिव, जो अब एक हिमालयी Himalayan राज्य में रहते हैं, ने फोन करके कहा, ष्अब सरकारी विभाग के कामकाज का पूरा तरीका बदल जाएगा। इससे उनका मतलब था कि अधिकारियों को काम करने के लिए उचित जगह मिलेगी। शिकागो में एक अनिवासी भारतीय ने फोन करके टिप्पणी की, ष्बाइडेन कहते हैं, श्अगर चुनाव सर्वशक्तिमान और मेरे बीच है, तो सर्वशक्तिमान को चुनें, लेकिन अगर यह मेरे और ट्रम्प के बीच है, तो मुझे चुनेंश्य भारत में, लोगों के पास अधिक कठिन विकल्प था क्योंकि सर्वशक्तिमान पहले से ही एकाधिकार में था।ष ऐसी बातचीत का वर्णन किया जा सकता है।

वे हर जगह, हर घर में, समाज के हर वर्ग में हो रहे हैं। अगर मैं गलत नहीं हूँ, तो यह घटना राजनीतिक दलों में भी फैलती है, सिवाय उन लोगों के जो पिछली सरकार के सबसे करीबी हलकों से जुड़े थे। राहत की इस व्यापक भावना का स्रोत संभवतः क्या हो सकता है? भीड़ द्वारा हत्या और दमन के शिकार, कार्यकर्ता, प्रदर्शनकारी, पिछली सरकार के आलोचक और उसके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी जिस नेता से वे घृणा करते हैं, उसके कमतर होने पर खुशी मना रहे होंगे, यह समझ में आता है। लेकिन जो लोग दशक भर मूकदर्शक बने रहे, उन्हें भी राहत की समान भावना क्यों महसूस हुई? त्रासदी की व्याख्या करते हुए, अरस्तू ने कहा कि दर्शकों – नाटकीय कार्रवाई में सीधे तौर पर शामिल पात्रों को नहीं – त्रासदी में कार्रवाई के कारण रेचन (शाब्दिक रूप से शुद्धिकरण) का अनुभव होता है। उनका तर्क था कि जब वे कार्रवाई को घटित होते देखते हैं, तो वे भयभीत होकर कल्पना करते हैं कि वे भी दुखद पात्रों की जगह पर हो सकते हैं।

# सोने के लिए पागल दुनिया – अतीत से सुनें वर्तमान की धड़कन

अंशुमान

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लंदन की तिजोरियों से सोना निकालकर भारत ला रहा है। इन तिजोरियों के इस्तेमाल की अपनी लागत जो है। आरबीआई के पास करीब 822 टन सोने का भंडार है। आरबीआई ने 2019 से 2024 के बीच 209 टन सोना खरीदा है। इतना सोना है, तो इसे संभालने का भी झंझट है। भारत ही क्यों? दुनिया भर के केंद्रीय बैंक दबाकर सोना खरीद रहे हैं। चीन ने लगातार 17 महीने सोने की खरीद की। विश्व के केंद्रीय बैंकों के पास अब करीब 2,262 टन सोना जमा है। सोने की कीमतें अपनी रिकॉर्ड ऊंचाईघ्पर हैं,घ्मगर केंद्रीय बैंक पगलाए हुए सोना जुटाने में लगे हैं। वह भी अब तक की सबसे ऊंची कीमत पर। दुनिया में अब तक जितना सोना निकाला गया है, उसका 20 फीसदी हिस्सा विश्व के केंद्रीय बैंकों की तिजोरियों में है। इस दीवानगी की वजह क्या है?घ्गोल्ड स्टैंडर्ड तो कब का दफनघ्हो गया, जिसमें किसी देश की करेंसी का मूल्यांकन सोने में किया जाता था।घ्केंद्रीय बैंक तो संप्रभु करेंसी के मालिक हैं, जो सोने में नापे जाने की शर्त से मुक्त हैं।घ्बाजार बता रहा है कि बैंकों को दुनिया भर की करेंसी, खासतौर पर डॉलर में गिरावट के डर से उनके विदेशी मुद्रा भंडार सोने की आमद से चमक रहे हैं। घाना 2023 से तेल का भुगतान गोल्ड में कर रहा है।घ्रूस ने युद्ध के दौरान रुबल देकर सोना जुटाने का एलान किया था,घ्तो क्या नए गोल्ड स्टैंडर्ड की आहट है? आइए, टाइम मशीन का मोटर गुर्रा रहा है, अपनी सीट पकड़िए और उड़ चलते हैं गोल्ड स्टैंडर्ड की रोमांचक दुनिया में। अब हम अमेरिका



के न्यू हैंपशायर के ऊपर से उड़ रहे हैं। पर्वतों से घिरा यह रिजॉर्ट टाउन, जो स्कीइंग के दीवानों का गढ़ है। हम बढ़ रहे हैं 18वीं सदी के आखिरी दशकों की तरफ। यहांघ्कोयला और रेलवे का विकास हो रहा है। कोयला व रेलवे के कारोबार से अमीर बने जोसेफ स्टेकिनी माउंट वॉशिंगटन नाम का होटल बना रहे हैं। यह होटल 21वीं सदी में मौजूद रहेगा, मगर इससे पहले यह अनोखा इतिहास बनाएगा। टाइम मशीन ने गियर बदला है। अब हम 1944 में हैं।घ्दूसरे विश्वयुद्ध का खून–खच्चरघ्चरम पर है। हम उसी माउंट वॉशिंगटन होटल पर पहुंचे हैं, जो बड़ी जंग के बीच एक बड़े समझौते की तैयारी कर रहा है। यहां 44 देश जुटे हैं, जिनमें ब्रिटिश इंडिया भी है, तालियों की गूंजघ्में नई आर्थिक व्यवस्था बन गई है। विश्व के प्रमुख देशों ने विश्व बैंक व अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ जैसी संस्थाओं की बुनियाद रख दी है। यहीं से निकल रही है एक नई मौद्रिक व्यवस्था, यानी गोल्ड स्टैंडर्ड। कागजी मुद्रा का सोने में मूल्यांकन। एक औंस सोने के बदले 35 अमेरिकी डॉलर, दुनिया ने मिलकर अमेरिका को गोल्ड स्टैंडर्ड का संचालक बना दिया है। अमेरिका को इस पैमाने को कायम रखना है। मतलब, अगर सोने की विनिमय दर 35 डॉलर से नीचे जाती, तो अमेरिका को डॉलर छापकर इसे संतुलित करना होता था। गोल्ड स्टैंडर्ड के साथ ही उस वक्त की तीन बड़ी मुद्राओं–ब्रिटिश पाउंड, जर्मन मार्क, फ्रेंच फ्रैंक के विनिमय का आधार अमेरिकी डॉलर हो गया है। मौद्रिक स्टैंडर्ड का यह अनोखा प्रयोग है, जिसे युद्ध से उबरती दुनिया ने अपना लिया है। अब बढ़ते हैं 1960 के फ्रांस की तरफ, जहां दिखेगी एक अनोखी कूटनीतिक जंग। बताते चलें कि 1960 के बाद वक्त ने करवट ली। जापान और यूरोप का निर्यात तेजी से बढ़ा। विश्व व्यापार में अमेरिका का हिस्सा घटने लगा।घ्अमेरिकी डॉलर की मांग कम हो गई, तो दुनिया के देश अमेरिका से डॉलर के बदले सोना मांगने लगे।घ्इसी दौरान अमेरिका में रक्षा खर्च बढ़ाने के लिए और ज्यादा करेंसी छापी गई। आपके सामने अखबारों की सुर्खियांघ्तैर रही हैं,घ्जो बता रही हैं कि बाजार में अमेरिका के डॉलर ज्यादा हो गए व अमेरिका के पास सोना कम रह गया। इसके साथ ही दुनिया के मुद्रा बाजार में अमेरिका की ताकत कम होने लगी। अब हम पेरिस में हैं। माइक पर गरज रहे फ्रांस के राष्ट्रपति चार्ल्स डे गॉल ने फ्रांस के नए राजनीतिक दौरघ्की शुरुआत की है।घ्पेरिस की राजनीतिक हवा में आपको यह पता चल जाएगा कि यूरोप के सबसे तेज–तर्रार नेताओं में से एक चार्ल्स डे गॉल अमेरिका विरोधी हैं। फ्रेडी रूजवेल्ट से लेकर रिचर्ड निक्सन तक छह अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ उनके रिश्तेघ्ज्यादातर खट्टे रहे हैं।घ्अब चार्ल्स डे गॉल ने अमेरिकी अगुआई वाले गोल्ड स्टैंडर्ड को निशाना बनाया है। गॉल ने फ्रांस में अमेरिका से डॉलर के बदले सोना लेना शुरू कर दिया है।घ्इस कदम का रहस्य खुलने तक फ्रांस करीब 15.करोड़ डॉलर के बदले सोना दे चुका है। अब खबरों पर नजर जमाइए। डे गॉल ने एलान कर दिया है कि फ्रांस के पास जितने भी अमेरिकी डॉलर हैं, उनके बदले वह अमेरिका से सोना वसूल करेगा। किसी मित्र देश की तरफ से यह अमेरिका पर सबसे बड़ा कूटनीतिक हमला है। फ्रांस के बाद स्पेन ने भी अमेरिका से सोना वसूल लिया। अब बाजार में सोने की कीमत खौलने लगी है। यह अक्तूबर,1960 है, जब सोने की कीमत रिकॉर्ड 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। अब हम लंदन चलते हैं, ब्रिटेन, पश्चिम जर्मनी, इटली, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड व अमेरिका ने मिलकर लंदन गोल्ड पूल बनाया है।घ्इन देशों के पास उपलब्ध सोने के भंडारों के इस्तेमाल से गोल्ड स्टैंडर्ड को बचाने की कोशिश की गई है।घ्इस भंडार के जरिये 35 डॉलर प्रति औंसघ्की कीमत को बचाया जा रहा है। इस गठजोड़ में दरारों पर नजर रखते हुए हमारी टाइम मशीन 1968 में आ गई है। फ्रांस ने इससे नाता तोड़ लिया है और लंदन गोल्ड पूल ढह गया।घ्दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सोने की खबरों के बीच आपको पता चलेगा कि 1962 में अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने दुनिया के नौ केंद्रीय बैंकों के साथ एक स्वैप सुविधा शुरू की थी। इनमें ब्रिटेन, तब का पश्चिम जर्मनी, इटली, फ्रांस और कनाडा प्रमुख थे। कोशिश थी कि डॉलर के बदले सोने की मांग सीमित व संतुलित की जा सके, लेकिनघ्अमेरिका के मौद्रिक सिस्टम की दरारें खुल चुकी थीं। सोना कम था व डॉलर की भरमार थी। अंततरू गोल्ड स्टैंडर्ड का अंत आ पहुंचा। टाइम मशीन लंदन से वॉशिंगटन आ गई है। यह 1971 का ऐतिहासिकघ्वर्ष है। अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर की सोने से परिवर्तनीयता खत्म कर दी। अमेरिका में गोल्ड के आयात पर दस फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगा दी गई।घ्गोल्ड स्टैंडर्ड खत्म हो गया। सोना दुनिया की आधारभूत मुद्राघ्नहीं रहा है। नई मौद्रिक प्रणाली में डॉलर नई आधारभूत मुद्रा थी। अब संप्रभु करेंसी सोने पर आधारित नहीं थी। इसलिए इनमें तेज उतार–चढ़ाव होने लगा। इसका बड़ा लाभ यह है कि अर्थव्यवस्था की जरूरत के लिए मुद्रा छापी जा सकती थी, मगर छापाखानों से आगे महंगाई भी निकलने लगी थी। नजर आएगा कि नई मौद्रिक प्रणाली का उद्घाटन अमेरिका में ग्रेट इन्फ्लेशन यानी महा महंगाई के साथ हो रहा है। टाइम मशीन वापस 2024 में आ गई है। हम अब मुंबई में हैं, जहां रिजर्व बैंक लंदन से सोना लाने की तैयारी में लगा है। दुनिया के बैंक डॉलर बेचकर सोना जुटा रहे हैं। उनके विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा बढ़ रहा है। संप्रभु मुद्राएं टूट रही हैं। महंगाई जिद्दी हो चली है। सोने की कीमत रिकॉर्ड बना रही है। लोग पूछ रहे हैं, कि जब सोना सस्ता होगा, तब ये बैंक क्या करेंगे? इनके विदेशी मुद्रा भंडारों की कीमत टूटेगी, तो मुद्राओं का क्या होगा या फिर सारे बैंक मिलकर सोने की महंगाई को स्थायी बना देंगे? बड़ा ही दिलचस्प मौद्रिक दौर है यह। फिर मिलते हैं, अगले सफर पर...

# विपक्ष की जिम्मेदारी भी बढ़ गई

पी. चिदंबरम

सारअब सदन की विभिन्न समितियों की संरचना अधिक संतुलित होगी और सदन के अध्यक्ष ऐसे होंगे, जो सभी दलों को स्वीकार्य होंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता के पास सांसदों की पर्याप्त संख्या होगी और उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ेगी। वे और सभी लोग महज अभिनेता हैं। वे आते हैं और चले जाते हैं और एक व्यक्ति अपने समय में कई तरह की भूमिकाएं निभाता है। जब आप 9 जून, 2024 को यह कॉलम पढ़ेंगे, तब नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन चुके होंगे, लेकिन ये वे मोदी नहीं होंगे। यहां एक दल वाले सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में वे नहीं होंगे। इस बार वे कई दलों के गठबंधन के प्रधानमंत्री होंगे। इनमें कई दल ऐसे भी हैं, जिनके पास 20 से कम सीटें हैं, जैसे कि टीडीपी के 16 और जेडीयू के पास 12 सांसद हैं। यह उनके लिए पूरी तरह से एक नया अनुभव होगा। एक प्रचारक, भाजपा के महासचिव, गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के अपने 55 साल के सार्वजनिक जीवन में मोदी के पास इस तरह की भूमिका की पहले से कोई तैयारी नहीं है। अब वे एक ऐसे खेल में उतरने जा रहे हैं, जिसके बारे में उन्हें बहुत जानकारी नहीं है।

लोकतंत्र की आंशिक बहाली

हाल ही में खत्म हुए लोकसभा चुनाव में देश के लोगों ने उन चीजों को हासिल किया, जो कुछ सप्ताह पहले तक असंभव लग रहा था। अब दोनों सदनों की कार्यवाही नियम, कानून और सर्वसम्मति से चलेगी, न कि पीठासीन अधिकारी और सदन के नेता के हिसाब से। सदन की विभिन्न समितियों की संरचना अधिक संतुलित होगी और सदन के अध्यक्ष ऐसे होंगे, जो सभी दलों को स्वीकार्य होंगे। लोकसभा में विपक्ष का एक नेता होगा, जिसके पास सांसदों की पर्याप्त संख्या होगी। देश के संविधान को बिना ट्रेजरी बेंच और विपक्ष की सहमति के बिना कोई संशोधन नहीं किया जा सकेगा। कैबिनेट या मंत्रिपरिषद की बैठकों में अब प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए फैसलों का औपचारिक समर्थन नहीं होगा, जैसा कि कई मामलों में हो चुका है। उदाहरण के लिए, अब कैबिनेट को प्रधानमंत्री के कठोर कदम के बारे में केवल श्सूचितश नहीं किया जाएगा, बल्कि राज्यों के अधिकारों को स्वीकार किया जाएगा और उनकी बेहतर सुरक्षा की जाएगीय राज्यों को धन के हस्तांतरण और मंत्रालयोंधविभागों और योजनाओं को धन का आवंटन मनमाने ढंग से नहीं किया जा सकेगा, इसमें भी घटक दलों की सहमति लेनी होगी। अब प्रधानमंत्री को सदनों की कार्यवाही में अधिक से अधिक हिस्सा लेना होगा और विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देने और महत्वपूर्ण बहसों में भाग भी लेना पड़ सकता है।

जनादेश से सीख

इस बार लोगों ने अपनी बात कह दी है। वे स्वतंत्रता, बोलने और अभिव्यक्ति के अधिकार, निजता के अधिकार और विरोध के अधिकार को महत्व देते हैं। सरकार को देशद्रोह और मानहानि के फर्जी मामले दायर करने की आदत छोड़नी होगी। यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए एक सीख होगी। उन्हें भी श्एनकाउंटरश और श्बुलडोजर न्यायश को छोड़ देना चाहिए। राम मंदिर राजनीति से दूर की चीज है और उसे दोबारा राजनीतिक मकसद के लिए उपयोग नहीं करना चाहिए। 77 साल के समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश प्रसाद, फैजाबाद से चुनाव जीत गए, जबकि प्रधानमंत्री के पूर्व मुख्य सचिव और मंदिर निर्माण ट्रस्ट के मुखिया नृपेंद्र मिश्रा के बेटे साकेत श्रावस्ती से चुनाव हार गए। जनता स्वतंत्र मीडिया चाहती है, वह मनगढंत एग्जिट पोल नहीं चाहती और न ही वह प्रधानमंत्री की हर बात का कवरेज चाहती है। जनता पहले से निर्धारित सवाल–जबाव भी नहीं चाहती है और न ही वह ईडी और सीबीआई के दिए गए आंकड़ों पर विश्वास करती है। लोगों का मानना है कि क्षेत्रीय दलों को अपनी मूल मान्यताओं पर डटे रहना चाहिए बजाय इसके कि वह दिल्ली में कुछ कहे और राज्य की राजधानी में कुछ और। ऐसा करने वाली पार्टियों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए, जनता ने पहले असम गण परिषद, शिरोमणि अकाली दल, जननायक जनता पार्टी और जनता दल सेक्यूलर को जनादेश न देकर सबक सिखाया। मौजूदा चुनाव में बीजू जनता दल और वाईएस आर सीपी के साथ भी जनता ने ऐसा ही किया है। यह सबक तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के लिए एक नजीर हो सकती है।

# जानना जरूरी है

आदित्य

महर्षि भृगु के पौत्र प्रमति ने घृताची नाम की अप्सरा से एक पुत्र उत्पन्न किया। उसका नाम रुरु था। इसी तरह गंधर्वराज विश्वावसु और अप्सरा मेनका की भी एक पुत्री हुई। परंतु मेनका, कन्या के जन्म के बाद उसे स्थूलकेश मुनि के आश्रम के पास छोड़कर चली गई। स्थूलकेश कन्या को अपने आश्रम में ले आए और उसका पालन–पोषण करने लगे। बालिका बुद्धि, रूप और उत्तम गुणों से सुशोभित थी। वह संसार की समस्त प्रमदाओं (सुंदर स्त्रियों) में श्रेष्ठ दिखती थी, इसलिए स्थूलकेश ने उसका नाम 'प्रमद्वरा' रख दिया। एक दिन संयोग से, प्रमतिनंदन रुरु ने प्रमद्वरा को महर्षि स्थूलकेश के आश्रम में देखा। उसे देखते ही रुरु मंत्रमुग्ध हो गया, तो प्रमति ने स्थूलकेश से रुरु के लिए प्रमद्वरा का हाथ मांगा। स्थूलकेश विवाह के लिए तैयार हो गए। आगामी उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में विवाह होना निश्चित हो गया। विवाह से कुछ ही समय पहले प्रमद्वरा अपनी सखियों के साथ वन में घूम रही थी कि तभी मार्ग में एक सांप बैठा था। प्रमद्वरा ने ध्यान नहीं दिया और उसका पैर सर्प के ऊपर पड़ गया। सर्प ने प्रमद्वरा को डस लिया और वह उसी क्षण मूर्छित होकर गिरघ्पड़ी। उसके शरीर का रंग उड़ गया और कुछ ही देर में प्रमद्वरा की मृत्यु हो गई। उसके बंधु–बांधव उसे मृत देखकर विलाप करने लगे। आश्रम में हाहाकार मच गया। उसे जीवित देखकर सब जितने प्रसन्न होते थे, उसकी मृत देह उतना ही कष्ट दे रही थी। प्रमद्वरा का मुख शांत और विकार रहित था। ऐसा लगता था, मानो वह उठकर अभी बोलने लगेगी। सर्प–विष के प्रभाव से चेतना–शून्य हो चुकी प्रमद्वरा को स्थूलकेश के अतिरिक्त अन्य तपस्वियों ने देखा, जिनमें महाजानु, कुशिक, शंखमेखल, उद्दालक, कठ, श्वैत, भारद्वाज, कौणकुत्स्य, आर्ष्टिषेण, गौतम आदि भी सम्मिलित थे। वे सब प्रमद्वरा को प्राणशून्य देखकर रोने लगे। रुरु भी प्रमद्वरा के शव पर विलाप कर रहा था। फिर वह सहसा उठा और एक समीपवर्ती वन में जाकर जोर–जोर से रोने लगा। रुरु, करुण स्वर में बोला, हाय! मेरी प्रमद्वरा, मुझे व बांधवों को शोकाकुल करके भूमि पर निष्प्राण पड़ी है। इससे बड़ा दुख और क्या होगा?

'यदि मैंने दान दिया हो, तपस्या की हो अथवा गुरुजनों की भलीभांतिघ्आराधना की हो, तो उसके पुण्य से मेरी प्रमद्वरा जीवित हो जाए! यदि मैंने जन्म से लेकर अब तक मन और इंद्रियों पर संयम रखा हो और ब्रह्मचर्य का दृढ़तापूर्वक पालन किया हो, तो मेरी प्रमद्वराघ्अभी जी उठे! यदि पापी असुरों का नाश करने वाले, इंद्रियोंघ्के स्वामी भगवान श्रीकृष्ण में मेरी अविचल भक्ति हो, तो यह कल्याणी प्रमद्वरा तुरंत जी उठे!' इस तरह जब रुरु विलाप कर रहा था, तो एक देवदूत उसके पास आया और बोला, धर्मात्मा रुरु! तुम दुख से व्याकुल हो, परंतु जिस मनुष्य की आयु समाप्त हो जाती है, उसे फिर जीवन नहीं मिल सकता। अतः तुम शोक मत करो। परंतु इस विषय में देवताओं ने एक उपाय निश्चित किया है। यदि उसे करना चाहो, तो तुम प्रमद्वरा को फिर से पा सकते हो। रुरु बोला, हे देवदूत! देवताओं ने कौन–सा उपाय निश्चित किया है? मुझे भी बताइए। मैं वही करूंगा, जिससे मेरी प्रमद्वरा मुझे वापस मिल जाए। देवदूत ने कहा,घ्रुरु! उस कन्या को पुनर्जीवन देने के लिए तुम्हें अपनी आधी आयु देनी पड़ेगी। यदि तुम ऐसा कर सको, तो प्रमद्वरा जी उठेगी। यह सुनकर रुरु तनिक भी नहीं घबराया। वह बोला, मैं प्रमद्वरा को अपनी आधी आयु देता हूं। रुरु के ऐसा कहते ही गंधर्वराज विश्वावसु और देवदूत, दोनों सत्पुरुषम धर्मराज के पास गए और बोले, 'हे धर्मराज! रुरु की पत्नी प्रमद्वरा की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। रुरु अपनी पत्नी को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी आधी आयु देने को तैयार हो गया है। अतरू रुरु की आधी आयु प्रमद्वरा को देकर उसे जीवित कर दीजिए!' तब धर्मराज ने कहा, 'मैं वचन देता हूं कि रुरु की पत्नी प्रमद्वरा रुरु की आधी आयु प्राप्त करके जीवित हो उठेगी। उधर धर्मराज ने वचन दिया और इधर प्रमद्वरा पुनर्जीवित होकर ऐसे उठ बैठी, मानो गहरी नींद से जागी हो। इस अद्भुत घटना के बाद प्रमति और स्थूलकेश ने नियत मुहूर्त पर रुरु और प्रमद्वरा का विवाह करा दिया।

# दक्षिण भारत की सियासत– भाजपा का दबदबा बढ़ा

महेंद्र

भारत का बहुप्रतीक्षित आम चुनाव संपन्न हो गया है और भाजपा के नेतृत्व में राजग गठबंधन सरकार बन रही है। नरेंद्र मोदी कल तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। हालांकि उत्तर भारत में भाजपा को सीटों का भारी नुकसान हुआ, पर दक्षिण भारत में दिलचस्प वोटिंग पैटर्न उभरकर सामने आए हैं, जो वहां भाजपा की चुनावी बढ़त से स्पष्ट है। बेशक दक्षिण में मिली बढ़त उत्तर भारत में हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती, पर इस चुनाव में भाजपा के संबंध में दक्षिण की मतदान प्रवृत्ति का विश्लेषण एक ऐसी अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जो दक्षिण में पैठ बनाने की इच्छुक किसी भी राष्ट्रीय पार्टी के लिए ध्यान देने योग्य है। लंबे समय से दक्षिणी राज्यों में भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी माना जाता रहा है। तमाम प्रयासों के बावजूद कर्नाटक को छोड़कर यह दक्षिणी राज्यों में अपनी पैठ नहीं बना पाई। हालांकि 2019 में मोदी लहर में भी आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु में एक भी सीट नहीं जीत पाने के बाद भाजपा दक्षिण के प्रति गंभीर हो गई। इन तीनों राज्यों में भाजपा की हार के पीछे कई कारण थे। आंध्र में भाजपा के खिलाफ लोगों में काफी नाराजगी थी, क्योंकि उसने राज्य को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया और जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में वाईएसआर कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में किसी अन्य पार्टी के लिए राज्य के चुनावी मैदान में उतरने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी थी। तमिलनाडु में पारंपरिक रूप से द्रविड़ पार्टियों की राजनीति हावी रही है। यहां तक कि केरल में भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति भी उल्टी पड़ गई और भाजपा द्वारा उठाए गए सबरीमाला मुद्दे का ज्यादातर लाभ केरल कांग्रेस को मिला। मगर 2024 के आम चुनाव में चीजें बदल गईं। दक्षिण भारत की 130 सीटों में से भाजपा ने 29 सीटें हासिल कीं, जिनमें से तीन आंध्र प्रदेश में, 17 कर्नाटक में, आठ तेलंगाना में और एक सीट केरल में है। आंध्र प्रदेश में पार्टी का वोट शेयर 2019 के 0.98 फीसदी से बढ़कर अब 11.28 फीसदी हो गया है। यह पूर्व राजग सहयोगी एवं तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू के साथ समझौते के कारण हुआ, जो अब केंद्र में शकिंग मेकरश बन गए हैं। आंध्र में भाजपा की वापसी का कारण उसके दूसरे सहयोगी और जनसेना पार्टी के फिल्म स्टार पवन कल्याण द्वारा हासिल भारी युवा वोट भी हैं। आंध्र प्रदेश से सटे तेलंगाना में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति खराब हो गई थी, लेकिन आम चुनाव में यह पूरी ताकत के साथ उभर कर सामने आई है। भाजपा ने तेलंगाना की छह में से तीन सीटें हासिल कीं, इसने बीआरएस को तीसरे स्थान पर धकेल दिया।

बूथ स्तर पर अपना स्वयं का पार्टी कैडर तैयार करने के लगातार प्रयासों का नतीजा है कि भाजपा का वोट शेयर 2019 के 19.65 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 35.08 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा तेलंगाना के किसानों से कर्ज माफी का वादा पूरा नहीं करने का लाभ भी भाजपा को मिला। देवताओं का अपना देशश कहे जाने वाले केरल में खाता खोलने का भाजपा का लंबे समय का सपना पूरा हो गया, क्योंकि पार्टी के प्रत्याशी ने त्रिशूर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। पार्टी ने कट्टर हिंदुत्व के अपने एजेंडे से विकास की तरफ अपना रुख मोड़ दिया, जिससे उसका वोट शेयर 2019 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 16.68 प्रतिशत हो गया। भाजपा को तमिलनाडु से काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि उसके युवा राज्य प्रमुख अन्नामलाई पूर्व आईपीएस हैं और पार्टी ने उन्हें खुली छूट दे रखी है। लेकिन कद्दावर नेताओं के बार–बार दौरे, भाजपा की केंद्रीय इकाई द्वारा तमिल संस्कृति एवं परंपरा पर जोर दिए जाने तथा शकच्चातिवुश मुद्दे को उठाने के बावजूद पार्टी वहां सीट नहीं जीत सकी। हालांकि 2019 के 3.66 फीसदी के मुकाबले उसका वोट शेयर बढ़कर 2024 में 11.24 फीसदी जरूर हो गया, जो कि तीन गुना ज्यादा है। भाजपा द्वारा हासिल यह वोट शेयर 1999 से भी ज्यादा है, जब वह राज्य में अपने चरम पर थी और उसने तीन सीटें जीती थीं। यह दर्शाताघ्है कि भाजपा ने द्रविड़ पार्टियों के वोट शेयर में सेंध लगा दी है, खासकर अन्नाद्रमुक के वोट शेयर में, जो पार्टी सुप्रीमो जयललिता के निधन के बाद बदहाल है। हालांकि द्रमुक के वोट शेयर में सेंधा लगाना मुश्किल है, जिसने राज्य की 39 में से 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। कर्नाटक का परिणाम अजीबोगरीब रहा, जहां भाजपा का वोट शेयर 2019 के 51.38 से घटकर इस बार 46.06 फीसदी रह गया है। जद (एस) के साथ गठजोड़ करना भी भाजपा को भारी पड़ गया, जद (एस) प्रज्वल रेवन्ना से संबंधित विवादों के कारण राज्य के वोट पैटर्न में जबर्दस्त बदलाव दिखा। वर्ष 1996 के बाद यह पहली बार था, जब राज्य के दोनों प्रमुख समुदाय–वोकालिंगा एवं लिंगायत भाजपा के साथ थे। इस तरह, भले ही भाजपा ने सीटें हारी हों, लेकिन उसे कुछ अप्रत्याशित समुदायों का वोट मिला है। दक्षिण में भाजपा के समग्र प्रदर्शन से कोई भी राष्ट्रीय पार्टी चार सबक सीख सकती है। पहला, दक्षिण भारत कोई एक इकाई नहीं है, जैसा कि कई उत्तर भारतीय मानते हैं। हर राज्य के अपने सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक कारक होते हैं, जो मतदान को प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि दक्षिण के प्रत्येक राज्य में भाजपा ने वोट शेयर और जीती गई सीटों के मामले में विरोधाभासी प्रदर्शन किया है। दूसरा, कोई भी राष्ट्रीय पार्टी दक्षिण की क्षेत्रीय पार्टियों की अनदेखी नहीं कर सकती। तेदेपा एवं जद (एस) ने इसे एक बार फिर साबित किया है। तीसरा सबक यह है कि विचारधारा और राजनीतिक बयानबाजी से वोट तो मिल सकते हैं, लेकिन सिर्फ यह वोटों के सीटों में तब्दील होने की गारंटी नहीं है। केरल और तमिलनाडु ने भाजपा के लिए इसे साबित किया है। अंतिम सबक यह है कि दक्षिण की राजनीति में अब फिल्म स्टार उतने प्रासंगिक नहीं रहे। आंध्र प्रदेश और केरल में फिल्म स्टार के साथ भाजपा के जुड़ाव और उससे मिले चुनावी लाभ से यह साफ है। कुल मिलाकर, इस चुनाव ने साबित कर दिया कि दक्षिण में भाजपा का दबदबा बढ़ रहा है और आने वाले समय में दक्षिण भारतीय राजनीतिक समीकरण भाजपा की राजनीति के साथ एक बड़े बदलाव के लिए तैयार हैं।

# गरजा बाबा का बुलडोजर, डीएम के निर्देश पर एस डी एम सदर ने सरकारी जमीन को कराया कब्जा मुक्त

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही सीएम योगी फूल एक्शन मे आ गए है। जिसके क्रम मे जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के आदेश पर सोमवार को उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिला मुख्यालय के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के कटघरा मोहल्ले में करीब डेढ़ करोड़ रूपये मूल्य की सरकारी जमीन पर किये गए अवैध कब्जे को जमीदोंज कर पूरी जमीन को नगर पालिका परिषद को सौप दिया गया है। नईबाजार कटघरा निवासी अरविंद चौहान ने शिकायत किया था कि बंजर खाते की सरकारी जमीन पर आराजी नंबर 149/1 क्षेत्रफल 121 एयर पर प्रदीप शिवशंकर एवं रविन्द्र एवं साहब लाल यादव आदि लोग गलत तरीके से निर्माण करके जमीन पर कब्जा किए हुए है। जिला प्रशासन ने जांच कराया जांच में शिकायत सही मिली इसके बाद जिलाधिकरी ने अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश उपजिलाधिकारी को दिया डीएम के आदेश के क्रम मे एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह पुलिस बल के मय बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच कर सभी अवैध अतिक्रमण को हटवा कर सरकारी जमीन को मुक्त करा दिया है। सरकारी रेट के अनुसार जमीन की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रूपये कीमत की है। कब्जाइयो से कब्जा हटवा कर जमीन को तत्काल नगर पालिका परिषद के ईओ को सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में जानकारी देते हुए एसडीएम सदर ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर कटघरा में स्थानीय लोगों द्वारा जमीन को विभिन्न तरीके से कब्जा किया गया था जिसको आज पैमाइश करा कर अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है साथ ही जमीन को तत्काल नगर पालिका परिषद के योग को सौंप दिया गया है। जमीन की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के आसपास है। सरकारी जमीन या अवैध ढंग से कब्जे की गई जमीन की कोई शिकायत मिलती है।उस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

# टुमुर्की में हैदरी सेवाकेंद्र पेट्रोल पंप का शुभारंभ

हरदोई(अंबरीष कुमार सक्सेना) टुमुर्की में आज हैदरी सेवाकेंद्र पेट्रोल पंप का शुभारंभ मशरूर खां ने किया। इस अवसर पर मित्र परिवार के संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मित्र परिवार सदस्यों के साथ मित्र परिवार के प्रमुख सदस्य मुजीब खां के नव व्यापार प्रतिष्ठान हैदरी किसान सेवा केन्द्र (पेट्रोल पंप) के शुभारम्भ कार्यक्रम में सहभागिता एक सुअवसर रहा। समस्त मित्र परिवार की ओर से मुजीब को नव व्यापार की बहुत बहुत बधाई ईश्वर आप को दिन प्रतिदिन इसी प्रकार ऊंचाईया प्रदान करे। शिक्षक नेता प्रभाकर बाजपेयी ने बताया कि उद्यम से ही जीवन प्रगति की ओर अग्रसर होता है। समाजसेवी अंबरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि व्यवसाय जीवकोपारजन का एक महत्वपूर्ण साधन है।इस मौके पर संरक्षक मशरुर खां,सीतापुर के कमल, संजय अग्निहोत्री सहित ग्रामीण अंचल के तमाम लोग मौजूद रहे।

# आपका एक समझदारी भरा कदम ला सकता है किसी के अंधेरे जीवन में उजाला

हरदोई (अंबरीष कुमार सक्सेना)

नेत्रदान, रक्तदान से कम पुण्य का काम नहीं, क्योंकि इस दान से आप किसी की जिंदगी में उजाला ला सकते हैं। आंखें हमारे जिंदा रहने तक तो हमारी जिंदगी रोशन करती ही हैं, मरने के बाद भी ये किसी दूसरे की जिंदगी रोशन कर सकती हैं। हर साल 10 जून को नेत्रदान दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। आज हमारे देश में ऐसे कई लोग हैं जो या तो किसी दुर्घटनावश या फिर जन्मजात अंधे हैं। जागरूकता और कुछ प्रयासों के माध्यम से इन्हें एक बेहतर जिंदगी दी जा सकती है। तो नेत्रदान की महत्वता समझें और आगे बढ़कर अपनी आंखें दान करने की शपथ लें। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सफीउल्लाह खां बताते हैं कि हाल–फिलहाल बदलती लाइफस्टाइल, अनियमित दिनचर्या, प्रदूषण और बहुत ज्यादा स्ट्रेस की वजह से ज्यादातर लोग आंख से जुड़ी समस्याओं का शिकार होने लगे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कॉर्निया की बीमारियां (कार्निया की क्षति, जो कि आंखों की अगली परत हैं), मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद, दृष्टि हानि अंधेपन के प्रमुख वजहों में से एक हैं। ब्लड केंसर जैसी बीमारियों के कारण भी कई अभागे अपनी आंखें गवां बैठते हैं। गांवों से लेकर शिक्षित समाज में आज भी नेत्र दान को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं कि, आंखें दान कर देने से अगले जन्म में अंधे पैदा होंगे, नेत्रदान से शरीर

खराब हो जाता है। तो इन्हें दूर करने का प्रयास करें क्योंकि इनमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं। मरने के बाद नेत्रबैंक के व्यक्ति मृतक के चेहरे को बिना बिगाड़े आसानी से आंखों को निकाल लेते हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ गौरव सिंह ने बताया कि कई सारे गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति नेत्रदान नहीं कर सकते हैं। जैसे– एड्स, हैपेटैटिस, पीलिया, ब्लड केन्सर, रेबीज (कुत्ते का काटा), सेप्टीसिमिया, गैंगरीन, ब्रेन टयूमर, आंख के आगे की काली पुतली (कार्निया) की खघ्राबी हो, अथवा जहर आदि से मृत्यु हुई हो या इसी प्रकार के दूसरे संक्रामक रोग हों, तो इन्हें नेत्रदान की मनाही होती है। गौरव सिंह बताते हैं कि चश्मा पहनने वाले, मधुमेह (डायबिटीज), अस्थमा, उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और अन्य शारीरिक विकारों जैसे सांस फूलना, हृदय रोग, क्षय रोग आदि के रोगी नेत्र दान कर सकते हैं। इसके अलावा मोतियाबिंद, कालापानी या आंखों का आपरेशन करवाने वाले व्यक्ति भी आसानी से नेत्रदान कर सकते हैं। नेत्रदान का पूरा प्रोसेस आसान होने के साथ मात्र 15–20 मिनट में पूरी भी हो जाता है।

# विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं शोध कार्यों की उन्नति के लिए एमओयू

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा एवं विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा के पहल पर 10 जून सोमवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की कुशमौर, मऊ जिला स्थित राष्ट्रीय कृषि महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीव ब्यूरो (एन.बीए.आई.एम.) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के मध्य विभिन्न शैक्षणिक, शोध, पेटेंट तथा जीव व कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं शोध कार्यों में परस्पर सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे इस क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं शोध के माध्यम से अपने ज्ञान पर उत्तरोत्तर उन्नति कर सके। ज्ञात हो कि देश में एकमात्र संस्था है, जिसे खाद्य और कृषि के लिए सूक्ष्मजीव आनुवंशिक संसाधनों को संरक्षित, परीरक्षित और उपयोग करने का अधिकार है। जहां सुस्पष्ट सूक्ष्मजीवों को इसके सतत उपयोग के लिए संरक्षित किया जाता है और वे राष्ट्रीय समृद्धि और भावी पीढ़ी के लिए एक संपदा हैं। विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो.राजेश शर्मा, सहयुक्त आचार्य, डॉ. श्री प्रकाश तिवारी एवं समझौता ज्ञापन के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हेतु विश्वविद्यालय की तरफ से प्रतिनिधित्व किया।

# सड़क दुर्घटना में चिकित्सक की मौत

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,10 जून। जलालपुर थाना क्षेत्र के थानागद्दी –जलालपुर सड़क मार्ग स्थित चंवरी बाजार में रविवार की रात करीब 11 बजे कार की चपेट मे आने से बाईक चालक व होम्योपैथ चिकित्सक रविशंकर यादव (32 वर्ष) की मौत हो गयी कार सवार सवार अन्य तीन लोग घायल हो गये। क्षेत्र के नेवादा गांव के मझगवां खुर्द गांव निवासी चिकित्सक बाईक से अपने घर जा रहे थे तभी पीछे थानागद्दी की तरफ से बहुत तेज रफ्तार से आयी कार ने बाईक को टक्कर मारते हुए विद्युत पोल से टकरा गयी। घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सक के भाई दशरथ यादव समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और घायल चिकित्सक को लेकर जौनपुर मे एक निजी अस्पताल मे ले गये जहाँ पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक दो बच्चो के पिता थे।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने में जुटी है। मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# शहीदों के सरताज साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का 418वाँ पावन शहीदी दिवस मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पांडेय

लखनऊ। श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के संस्थापक, बाणी के बोहिथ, शहीदों के सरताज सिखों के पांचवें गुरू साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का 418वाँ पावन शहीदी दिवस श्री गुरू सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिन्डोला,लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य दीवान हाल में फूलों से सुसज्जित पालकी साहिब में श्री गुरू ग्रन्थ साहिब पर विराजमान थे। दिनांक 08.06.2024 को रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब जी की समाप्ति के पश्चात रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी में आसा–दी–वार की पवित्र बाणी एवं ''जिसके सिर ऊपर तूं स्वामी सो दुख कैसा पावै।।'' शबद कीर्तन गायन कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। विशेष रूप से पधारे हैं पंथ प्रसिद्ध प्रचारक सिंह साहिब ज्ञानी मान सिंह जी पूर्व प्रचारक श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर ने श्री गुरू अरजन देव जी की जीवन पर गुरमति विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गुरू अरजन देव जी ने सभी गुरूओं और भक्तों की बाणियों को संकलन करके एक ग्रन्थ तैयार किया जिसका मूल तत्व परम पिता परमेश्वर की अराधना करना, जाति–पाँति एवं अन्ध विश्वासों का खण्डन करना और लोगों में आपसी भाई चारे की भावना पैदा कर परमेश्वर से जोड़ना है। उन्होंने 1604 को पहली बार गुरू ग्रन्थ को श्री हरमन्दिर साहिब श्री अमृतसर में स्थापित किया जिसके पहले ग्रन्थी बाबा बुड्ढ़ा जी बने। श्री गुरू अरजन देव जी ने 30 रागों में 2312 शबद लिखे, जिसमें श्री सुखमनी साहिब प्रमुख हैं। पंथ प्रसिद्ध रागी जत्था भाई प्रिंसपाल सिंह पटियाला वालों ने अपनी मधुर बाणी में ''तेरा कीआ मीठा लागै हरि नामु पदारथ नानक मांगै।।''शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। माता गुजरी सत्संग सभा की सदस्यों ने ''सिमरउ सिमरि सिमरि सुखु पावउ। कलि कलेस तन माहि मिटावउ।।'' शबद कीर्तन गायन किया। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने "जपउ जिन् अरजुन देव गुरु फिरि संकट जोनि गरभ न आइउ" गायन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने भी श्री

गुरु अर्जन देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला।लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं श्री गुरू सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, नाका हिन्डोला, के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने समूह संगत को गुरू जी द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन स0 सतपाल सिंह मीत जी ने किया।

इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा 11:00 बजे से 3:00 बजे तक फ्री चेकअप कैंप गुरुद्वारा साहिब में लगाया गया जिसमें कई वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर, आखों के मरीजों से परामर्श कर चेकअप किया और उन्हें सलाह दी।

दिनांक 01.05.2024 से 10.06.2024 तक निरन्तर 40 दिनों तक प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक माता गुजरी सत्संग सभा एवं समूह संगत की ओर से श्री गुरू अरजन देव जी के शहीदी दिवस को समर्पित श्री गुरू अरजन देव जी द्वारा रचित पाठ श्री सुखमनी साहिब के पाठ किये गये,पाठों की समाप्ति के उपरान्त मुख्य रूप से भाग लेने वाले पुरूषों एवं स्त्रियों को गुरू घर की कृपा सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एक विशाल गुरू के लंगर का भी आयोजन स0 तरनजीत सिंह मक्कड़ उपाध्यक्ष, स0 हरमिन्दर सिंह टीटू महामंत्री एवं स0 तजिन्दर सिंह, स0 इन्दरजीत सिंह की देखरेख में किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने एक पंक्ति में बैठकर गुरू का लंगर ग्रहण किया। लंगर वितरण की सेवा दशमेश सेवा सोसाइटी एवं खालसा इण्टर कालेज के बच्चों द्वारा की गई। कई प्रमुख स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा ब्रेड छोले, कच्ची लस्सी, काले चनें तथा जल जीरा वितरित किया गया।

कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में कई स्वयं सेवी संस्थाओं ने सहयोग किया जिसमें सिख सेवक जत्था के सदस्यों ने राजवंत सिंह बग्गा ,कुलदीप सिंह सलूजा के साथ जोड़ों की सेवा की। सिख यंग मेन्स एसोसियेशन, दशमेश सेवा सोसाइटी, खालसा एसोसियेशन, सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी, अमृत सेवक जत्था प्रमुख थे, जिन्होंने लंगर तैयार करने में, लंगर वितरित करने में, छबील लगाकर संगत की शरबत और मीठे जल से कच्ची लस्सी से सेवा करने में अपने सहयोगियों के साथ विशेष योगदान दिया।

# बालाजी महाराज द्वारा पत्रकारपुरम में विशाल भंडारे का आयोजन

मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ राजधानी जेष्ठ माह के पावन महीने पर हर साल की तरह आज इतवार के दिन बालाजी महाराज के उपलक्ष्य में यह भंडारा आयोजित किया गया यह भंडारा पत्रकारपुरम पर पिछले 5वर्षों से करवाया जा रहाँ हैं। भंडारे में हमारे मित्रों का सहयोग रहता हैं। वहां उपस्थित लोगों में हर्षित दूबे, मयंक सिंह, निर्मित राजीव, कपिल यादव, अविनाश त्रिपाठी, निशांत कुमार, अयान सिंह, आदित्य गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे। बजरंगबली का पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद के रूप में छोले चावल लस्सी आदि तमाम चीजें वितरित की गई भक्त जनों को भक्तों ने हनुमंत की पूजन–अर्चन कर सुख–समृद्धि का आशीर्वाद लिया केसरिया रंगों में सजे–धजे पंडालों में जय जय जय हनुमान गोसाईं... पवनसुत विनती बारंबार जैसे भजन गूंज रहे थे।

# जल भराव व कूड़े का ढेर बना शहर की प्रमुख पहचान

अयोध्या। अयोध्या नगर निगम के विभिन्न मुहल्लों, कालोनियों व मार्गों पर जलभराव व कूड़े का ढेर लगा हुआ है।जिसके चलते इस जगह पर रहने वाले लोगों व इधर से गुजरने वाले राहगीरों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है।परंतु इस गंभीर समस्या पर अयोध्या नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों व स्थानीय पार्षदों का ध्यान नहीं जा रहा है।जिसके चलते वहां पर रहने वाले निवासियों व इधर से गुजरने वाले राहगीरों का गुस्सा अयोध्या नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों व स्थानीय पार्षदों पर दिखाई दे रहा है।बताते चलें कि कि शहर के देवकाली,चेला छावनी,धनी राम का पुरवा, साकेत नगर, शाहजहांपुर, देवकाली गांव, लालबाग, अश्वनी पुरम कालोनी, हैदरगंज, मुगलपुरा,खवासपुरा, दिल्ली दरवाजा, बेनीगंज सहित दर्जनों ऐसे कालोनियां व मुहल्ले है जहां पर नालियों के साफ सफाई के अभाव मे वहां पर नाली का गंदा पानी सड़कों व लोगों के घरों के आसपास बहता है।वही इन जगहों पर कूड़े का ढेर भी देखा जा सकता है।इन मुहल्लों व कालोनियों के लोगों का कहना है कि नगर निगम के सफाई कर्मी व सुपरवाइजर लोगो से सफाई के नाम पर सभी मकानों के स्वामियों से पैसा लेते तो है परन्तु सप्ताह में एक या दो ही बार सफाई करने आते हैं। जिसके चलते वहां पर गंदगी होना स्वाभाविक है।इन लोगों ने कई बार इस समस्या को लेकर नगर निगम के अधिकारियों व

कर्मचारियों के साथ साथ स्थानीय पार्षदों के दरवाजे तक गये लेकिन आज तक इस गंभीर समस्या का हल नहीं निकला।

नतीजा वही अयोध्या नगर निगम के विभिन्न हिस्सों में खुली नालियां, कूड़े का ढेर,जगह जगह जल भराव जैसी प्रमुख समस्या बनी हुई है। जिसके चलते वहां पर रहने वाले लोग इस गंदगी से किसी न किसी संक्रमण जैसे गंभीर बीमारी से ग्रसित होने को भयभीत रहते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत - पारापट्टी, विकास खण्ड–करंजाकला,जौनपुर

पत्रांक– मेमो/ग्रा0पं0म0/ दिनांक 10.06.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 11.06.2024 से 17.06.2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न दो बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 17.06.2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईंट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट,पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150एम.एम. 300एम.एम. 350एम.एम. 600एम.एम. 800एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | ढ़क्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार | | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी0 | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता किट/सेनेटाइजर,डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम से संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क–2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति धन मी0 | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | वाल पेटिंग व प्रचार–प्रसार | प्रति वर्ग मी0 | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम,स्कूल के लिए डेक्स व बेंच। | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना–चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री। | | |
| 21 | हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |

**प्रतिबन्ध एवं शर्तें**– सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रू0 के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान
सुबाष राय

ग्राम विकास अधिकारी /ग्राम सचिव
धर्मेंद्र कुमार राय

## पुलिस मुठभेड़ में ड्रग माफिया के पैर में लगी गोली

कानपुर, संवाददाता। कानपुर में रेलबाजार पुलिस ने माल रोड स्थित शिवनारायण टंडन सेतु के पास से मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी ड्रग माफिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रेलबाजार थाना प्रभारी पर गोली चला दी, लेकिन गोली उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट में लगने से वह बाल बाल बच गए। जबकि, जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगी। उसे इलाज के लिए कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलबाजार थानाध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि चकेरी के हरजेंदर नगर कालीखेड़ा निवासी बलराम राजपूत उर्फ इस्तियाक उर्फ त्यागी ड्रग माफिया है। उसके खिलाफ चकेरी थाने में कुछ दिन पहले युवक का अपहरण कर मारपीट करने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। बकौल थाना प्रभारी शनिवार को उन्होंने सटीक सूचना के आधार पर पकड़िया तिराहे पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। उसी दौरान आरोपी बलराम बाइक से निकला। पुलिस को देखकर उसने बाइक मोड़ दी और शिव नारायण टंडन सेतु की तरफ भागने लगा। पुलिस ने घेरेबंदी कर आरोपित को पकड़ने का प्रयास किया। इस पर बलराम ने पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग कर दी।

कोर्ट में पेश कर भेजा जाएगा जेल

इससे रेलबाजार थानाध्यक्ष के गोली बुलेट फ्रूफ जैकेट में जा लगी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई। इससे वह सड़क पर गिर गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस बलराम को इलाज के लिए कांशीराम अस्पताल लेकर आई। आरोपी बलराम के खिलाफ रेलबाजार, चकेरी, महाराजपुर, कैंट, बिठूर, समेत कई थानों में हत्या का प्रयास, एनडीपीएस, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट समेत तमाम गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। रविवार को बलराम को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## कुएं में पड़े मिले दो युवतियों के शव, भाई से विवाद के बाद हुई थीं लापता

चित्रकूट, संवाददाता। चित्रकूट जिले में राजापुर थाना क्षेत्र के नादिन कुर्मियां गांव निवासी दो बहनों के शव घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं में मिले।

परिजनों ने बताया कि घर में भाई से विवाद होने पर नाराज होकर दोनों बहने शुक्रवार को घर से लापता हो गई थी। नदीन कुर्मियां निवासी ज्ञान सिंह ने बताया कि उसकी 22 साल की पुत्री सोमवती और 18 साल की पुत्री अनामिका घर से अचानक लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद पता न चलने पर पुलिस थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया कि बहनों के बड़े भाई दीपक सिंह शुक्रवार को गांव के अजय सिंह के यहां चल रही रामायण में शामिल होने के बाद घर लौटा था। उस दौरान दोनों बहने घर पर मौजूद थी, दोनों जग रही थीं। दीपक ने दोनों को सोने के लिए कहा था।

शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे

इसके बाद दीपक खुद कमरे में जाकर सो गया। रविवार को सुबह दोनों बहनों के शव घर से 100 मीटर दूर स्थित कुएं के पानी में उतराते मिले हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अन्य पहलुओं पर भी जांच जारी

सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के साथ राजापुर सीओ निष्ठा उपाध्याय भारी पुलिस फोर्स गांव पहुंची हैं। सीओ ने बताया कि अभी तक की जानकारी के अनुसार पारिजनों की डांट से नाराज होकर दोनों बहनों ने खुदकुशी की है। अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ड्यूटी से नदारद 44 रोडवेज संविदा कर्मियों को नोटिस

बांदा, संवाददाता। लंबे समय से बिना सूचना ड्यूटी से नदारद 44 चालकों और परिचालकों को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने नोटिस जारी किया है। सभी संविदाकर्मी हैं। इसी माह ड्यूटी पर नहीं आए तो इनकी संविदा समाप्त कर दी जाएगी। एआरएम कमल किशोर आर्य ने बताया कि संविदा चालक देवराज तिवारी, गिरीश चंद्र यादव, कुलदीप अवस्थी, लोकेंद्र सिंह, मुन्ना प्रसाद, पंकज गौतम, राजू द्विवेदी, साकेज मिश्रा, शिवभजन सिंह, शिव प्रकाश, शिवशंकर, उदयभान, अतुल सिंह, बृजकिशोर सिंह, अमित त्रिपाठी व अनिल सेठी बिना सूचना ड्यूटी नदारद हैं। इसी प्रकार संविदा परिचालक अलीम अहमद, अंबिका सोनकर, असलम अली, दुष्यंत त्रिपाठी, हर प्रसाद शुक्ला, नूर मोहम्मद, फूलचंद्र, राज सिंह, राजनारायन, रामप्रकाश सिंह, रामप्रकाश वर्मा, सालिगराम, संतोष कुमार यादव, सतीश सिंह, सत्यप्रकाश, विजय प्रताप, विकास द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, विकास द्विवेदी, विनय प्रकाश, विनीत कुमार, योगेंद्र सिंह चंदेल, संजय दिवाकर, शैलेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विजय यादव जनवरी, फरवरी व मार्च माह से बिना सूचना अनुपस्थित हैं। एआएम ने कहा कि इनके अनुपस्थित रहने से निगम के राजस्व को क्षति हो रही है। साथ ही यात्रियों को भी बसों के अभाव में निगम की सेवा से वंचित होना पड़ रहा है। इन सभी चालक व परिचालकों को पूर्व में नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। यदि जून में ड्यूटी में उपस्थित नहीं हुए तो इनकी संविदा समाप्त कर दी जाएगी है।

### खनन कर रहे ट्रैक्टर ने सिपाही को कुचला

फर्रुखाबाद, संवाददाता। फर्रुखाबाद जिले में नवाबगंज थाने में तैनात सिपाही रोहित (24) खनन की सूचना पर पुलिस बल के साथ नगला चंदन पहुंचा। वहां पुलिस को देखकर खनन कर रहे ट्रैक्टर भाग खडेघ हुए। इस दौरान सिपाही रोहित ने ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास किया। एक चालक ने सिपाही रोहित के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इससे सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। सिपाही को सुबह तीन बजे गंभीर हालत में आवास विकास तिराहा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब तीन घंटे इलाज के बाद सुबह छह बजे सिपाही ने दम तोड़ दिया। सूचना पर एसपी विकास कुमार, एएसपी डॉ. संजय कुमार, सीओ अमृतपुर आदि पुलिस अधिकारी पहुंचे। पौने नौ बजे जेल पुलिस में तैनात भाई सचिन पहुंचा। उसने इमरजेंसी में रखे शव को उठाने का विरोध किया। अभी तक शव उठाने का विरोध चल रहा हैं।

### रामबाग फ्लाईओवर पर खड़े ट्रक से टकराए तीन वाहन

आगरा, संवाददाता। आगरा में एत्मादपुर से भगवान टॉकीज की तरफ जाते समय रामबाग फ्लाईओवर के ऊपर ट्रक का टायर पंचर हो गया। इससे पीछे आ रहे तीन वाहन एक के पीछे एक टकरा गए। हाईवे पर वाहनों की कतार लगने से जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड कराया। इसके बाद यातायात ठीक हो सका। एत्मादौला थाना प्रभारी ने बताया कि एत्मादपुर की तरफ मथुरा की ओर जा रहे आम से भरे एक ट्रक का रात 11 बजे रामबाग फ्लाईओवर पर टायर पंचर हो गया। ट्रक चालक राकेश ट्रक को साइड खड़ाकर टायर बदल रहा था। इस दौरान पीछे से आ रही गौतम गुप्ता की कार ट्रक से टकरा गई। इसके तुरंत बाद पीछे से आ रही सेल्स टैक्स ट्रैफिक सुपरिटेंडेंट सारिका शर्मा, एटीआई संजय सिंह और पंकज महेश्वरी की गाड़ी भी पीछे से टकरा गई। इनके पीछे आ रहा ट्रक भी अनियंत्रित होकर टकरा गया। दोनों ट्रैकों के बीच में फंसी गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम लग गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

### सड़क किनारे लगे पोल से टकराया बाइक सवार, मौत

बांदा, संवाददाता। बाइक सवार अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमीरपुर जिले के सिसोलर थाना क्षेत्र के टोलामाफ गांव निवासी पारथ सिंह (35) शुक्रवार को पैलानी थाना क्षेत्र के झंझरी पुरवा गांव में अपने मित्रों के घर आया था। यहां से देर शाम वह वापस हमीरपुर जा रहा था। पैलानी थाना क्षेत्र के चौकी पुरवा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली पोल से टकरा गई। जिससे पारथ गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल के बताने पर उसके बहनोई पैलानी डेरा निवासी शुभकरन सिंह को फोन पर जानकारी दी। मौके पर पहुंचे शुभकरन उसे लेकर जिला अस्पताल आए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहनोई ने बताया कि पारथ खेती किसानी करता था। उसके पास 20 बीघा जमीन है। घर में पत्नी सरोज सिंह व एक बेटी है। पैलानी थानाध्यक्ष संदीप पटेल ने बताया कि बाइक चालक नशे में था। इस कारण पोल से टकराकर हादसा हुआ है।

### युवक के खाते से उड़ाए 27 लाख रुपये

सहारनपुर, संवाददाता। मोहल्ला बसंत विहार निवासी एक युवक के खाते से 27 लाख रुपये उड़ा लिए गए। पीड़ित के पास न कॉल आई और न ही कोई ओटीपी। इसके बाद साइबर अपराधियों ने नकदी उड़ा ली। बंसत विहार निवासी विकास कुमार ने बताया कि उनका एक खाता यूनियन बैंक में है।

## भीषण गर्मी में बढ़े डायरिया, बुखार, नजला, खांसी के मरीज

शामली, संवाददाता। गर्मी व लू के चलते जिला अस्पताल में मरीज बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा मरीज बुखार, नजला, खांसी के साथ डायरिया के आ रहे हैं। ओपीडी में मरीजों की भीड़ है। चिकित्सक मरीजों को गर्मी से बचने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल में 800 से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। जिले में भीषण गर्मी के साथ ही लू चल रही है। जिला अस्पताल में ओपीडी में 800 के लगभग मरीज रोजाना पहुंचते है जबकि सीएचसी शामली में 500 के आसपास मरीज आ रहे हैं। इन मरीजों में बुखार, नजला व खांसी के मरीज ज्यादा है। जिला अस्पताल में रोजाना 25 से 30 मरीज डायरिया के आ रहे हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि गर्मी की वजह से डायरिया के केस ज्यादा आ रहे हैं। साथ ही बुखार, नजला, खांसी के और त्वचा संबंधी मरीज भी आ रहे हैं। गर्मी के कारण पेट संबंधी रोगों को लेकर भी मरीज आते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय तेज गर्मी पड़ रही है। इस मौसम में लोगों को गर्मी से बचाव करना चाहिए। खासतौर से बच्चों और बुजुर्गों को धूप में जाने से बचना चाहिए। अगर कोई समस्या होती है तो चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं। खुद से कोई दवा न ले।

## मायके जाने की जिद ने उजाड़ीं खुशियां

मैनपुरी, संवाददाता। मैनपुरी के बेवर में शनिवार की शाम एक दंपती के शव घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद एएसपी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। छह माह पूर्व दोनों की शादी हुई थी। मायके जाने को लेकर विवाद की भी चर्चा है। मौत का सही कारण जानने के लिए पुलिस ने दंपती के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी भेजे हैं। थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजीटोला दक्षिणी वनखंडी आश्रम के पास निवास कर रहे छोटू सक्सेना (24) की शादी चार दिसंबर 2023 को अंजली (22) के साथ हुई थी। शनिवार की शाम को दोनों के शव घर के कमरे में फंदे पर लटके मिले। इसकी जानकारी होने के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने के बाद एएसपी राहुल मिठास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का पुलिस ने बारीकी से निरीक्षण किया। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने कमरे की गहनता से जांच की और जांच के लिए नमूने एकत्र किए। चर्चा है कि शनिवार को मायके जाने को लेकर दंपती के बीच विवाद हुआ था।

भाभी चांदनी ने बताया कि अंजली मायके जाने के लिए जिद पर अड़ी थी और दबाव बना रही थी। वहीं छोटू अभी जाने के लिए मना कर रहा था। इस बात को लेकर सुबह से ही दोनों में बहस हो रही थी। शाम के समय अंजली ने छोटू को समोसा लाने के लिए बाजार भेज दिया। जब छोटू घर लौटा तो देखा कि पत्नी का शव साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। छोटू घबरा गया और आनन फानन साड़ी का फंदा खोल कर पत्नी का शव नीचे उतारा। फोन कर ससुरालीजन को घटना के बारे में जानकारी दी।

छोटू ने पत्नी की खुदकुशी के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं दी और इधर–उधर बदहवास घूमता रहा। जब तक कोई बाहरी व्यक्ति घर में आता, छोटू ने भी उसी कुंडे में साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। दंपती की खुदकुशी के बाद कमरे में सन्नाटा छा गया।

कुछ देर बाद मकान के अगले हिस्से में रह रही छोटू की भाभी चांदनी को कुछ शक हुआ। कमरे में आकर देखा तो अंजली का शव बेड पर पड़ा था, वहीं छोटू का शव फंदे पर लटका हुआ था। यह नजारा देख कर चांदनी की चीख निकल गई। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। एएसपी ने परिजन व आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी ली। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी भेजा।

## बसपा का शामली विस में 35 बूथों पर नहीं खुला खाता

BSP
BAHUJAN SAMAJ PARTY

शामली, संवाददाता। बसपा को लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने का कोई फायदा नहीं हुआ। शामली विस सीट की यदि बात की जाए तो यहां पर बसपा प्रत्याशी 35 बूथों पर कोई वोट नहीं ले पाए। यही नहीं 30 बूथ ऐसे रहे, जिनमें सिर्फ एक–एक मत प्राप्त किया। हालांकि, कुछ बूथों पर बसपा ने सपा और भाजपा से भी अधिक मत प्राप्त किए।

कैराना लोकसभा सीट की यदि बात की जाए तो इस सीट पर भाजपा से प्रदीप चौधरी, सपा से इकरा हसन और बसपा से श्रीपाल राणा समेत 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। सपा प्रत्याशी इकरा हसन ने 79116 मतों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को कड़ी शिकस्त दी। हालांकि बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा कुछ बूथों को छोड़कर कहीं पर भी फाइट में नजर नहीं आए। शामली विस सीट पर बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा ने बूथ 8, 15, 19, 44, 51, 63, 118 और 125, 153, 157, 163, 164 और 165 पर खाता तक नहीं खोल पाए। कुल 35 बूथों पर बसपा को कोई वोट नहीं मिला। इसी तरह बसपा ने बूथ दो, तीन, 32, 27, 32, 38, 48, 50, 85 आदि समेत 30 बूथों पर सिर्फ एक–एक ही मत प्राप्त किया। इसके अलावा बूथ 7 पर बसपा ने 356, सपा ने 217 तो प्रदीप चौधरी ने 207 मत प्राप्त किए। बूथ 15 पर श्रीपाल राणा ने 260, इकरा ने 192, प्रदीप चौधरी ने 240 मत प्राप्त किए।

## लोगों ने चंदे से टूटी पेयजल पाइप लाइन को ठीक कराया

शामली, संवाददाता। एक वर्ष पूर्व नगर पंचायत ने जेसीबी द्वारा नाला सफाई कराई थी। जिसमें पाइपलाइन टूट गई थी। मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत से लेकर जिला अधिकारी तक समस्या के बारे में अवगत कराया था, लेकिन समस्या का समाधान न होने पर लोगों ने चंदा एकत्रित कर पेयजल पाइपलाइन को ठीक कराया है। एक वर्ष पूर्व चंदनपुरी रोड पर स्थित नाले की सफाई में जेसीबी ऑपरेटर ने नाले की दोनों साइडों की दीवारों को सफाई करते समय उखाड़ दिया था। उसी समय पेयजल पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। तब से लेकर आज तक साजिद नगर तथा चंदनपुरी में पेयजल आपूर्ति बाधित है। लोग परेशान हैं। बस्ती के लोगों में मांगता राना, महबूब अली, दिलशाद अहमद, जयपाल सिंह, शहजाद, सलीम आदि ने अन्य लोगों से करीब पांच हजार रुपये का चंदा इकट्ठा कर करीब 40 फुट से अधिक पाइप डालकर लाइन को ठीक कराया है। बस्ती के लोगों का आरोप है कि उन्होंने नगर पंचायत से लेकर जिलाधिकारी तक को पेयजल आपूर्ति की समस्या के बारे में अवगत कराया, लेकिन एक वर्ष तक भी कोई समाधान नहीं होने पर लोगों ने चंदा डालकर पाइपलाइन को खुद ही ठीक करा लिया है।

दूसरी ओर कस्बे के मोहल्ला शैखा मैदान में पांच दिनों से नाला साफ करते समय भी जेसीबी द्वारा मुख्य पेयजल की पाइपलाइन टूट गई थी। जिसे पांच दिन बीतने के बाद भी नगर पंचायत के कर्मचारियों ने नहीं जोड़ा। जिस कारण मोहल्ला शैखा मैदान, शाहघासी दरवाजा के हजारों लोग पानी की बूंद–बूंद को तरस गए हैं।

खुला छोड़ दिया नाला

मोहल्ला शैखा मैदान में नाला सफाई करने के बाद नगर पंचायत के कर्मचारियों ने नाले को नहीं ढ़का, जिसे मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो रहा है तथा लोगों को अपने घर तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। वाहन चालकों को दूसरे रास्तों से अपने घरों में जाना पड़ रहा है।

## दस्तावेजों में बिकता रहा एसएसपी आवास, 30 से अधिक हुए बैनामे

सहारनपुर, संवाददाता। करीब 150 करोड़ की कीमत वाले एसएसपी आवास पर मालिकाना हक का दावा करने के मामले में अहम जानकारी सामने आई है। 2017 से पहले इस संपत्ति की 30 से अधिक लोगों ने खरीद–फरोख्त की। एक के बाद एक बैनामे किए गए। हैरानी की बात यह है कि न ही बेचने वाले ने कभी कब्जा लिया और न ही खरीदने वाला कब्जा लेने पहुंचा। आवास में लगातार 1889 से सहारनपुर एसएसपी रहते आ रहे हैं। दरअसल, एसएसपी आवास को लेकर कुछ लोगों ने मालिकाना हक का दावा किया था। जिस पर मौजूदा एसएसपी डॉ. विपिन ताडा और डीएम डॉ. दिनेश चंद्र के आदेश पर सात सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। हाल ही में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी थी कि जो लोग संपत्ति पर मालिकाना हक का दावा कर रहे हैं वह गलत तथ्यों के आधार पर है। इस दौरान यह भी सामने आया कि मालिकाना हक का दावा करने वालों ने पहले नगर निगम के स्वामित्व में अपना दर्ज कराया। इसके बाद राजस्व परिषद से भी आदेश करा लिया। राजस्व परिषद के आदेश के बाद जब खेवट उनके नाम पर होने लगी, तब जाकर पता चला कि 2017 से पहले इस संपत्ति के करीब 30 से अधिक लोगों के नाम पर बैनामे किए गए। एक के बाद एक बैनामे होते रहे, लेकिन कभी किसी ने कब्जा नहीं लिया। केवल दस्तावेजों में ही कार्रवाई चलती रही। राजस्व परिषद का आदेश आने के बाद मालिकाना हक का दावा करने वालों ने मामले को अदालत में डाला। उधर, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि पुलिस–प्रशासन की संयुक्त कमेटी की रिपोर्ट अदालत में दी गई है। जिसमें सभी तथ्यों का उल्लेख विस्तार से किया गया है।

स्वामित्व के नाम पर आ चुके हैं फर्जीवाड़े सामने

केस – 1

माधोनगर के रहने वाले सत्यपाल शर्मा के भाई की मौत 28 अप्रैल 2021 को हुई थी। वह नवाबगंज स्थित मकान नंबर 4ध1424 में रहते थे। यह मकान उन्होंने जून 2010 को शराफत से खरीदा था। आरोप है कि मृतक के नौकर ने अन्य लोगों के साथ मिलकर नगर निगम के राजस्व रिकॉर्ड में स्वामित्व बदलवा लिया। निगम के राजस्व रिकॉर्ड में स्वामित्व बदलने के लिए कोई ठोस दस्तावेज भी नहीं दिए गए। कोर्ट के आदेश पर इसमें मार्च माह में केस दर्ज हुआ था।

केस – 2

वाराणसी के अन्नपूर्णा नगर निवासी पवन मल्होत्रा के परिवार का हकीकतनगर में मकान है, जिसके स्वामी उसके दादा रामलाल थे। उनका निधन हो गया था। उनके दादा ने मकान के वारिस उनके पिता गोविंदराम, चाचा शादीलाल, तिलकराज को वारिस बना दिया था। तीनों का नाम गृहकर विभाग नगर निगम में दर्ज था। आरोप है कि पड़ोसी दंपती ने नगर निगम में सांठगांठ कर मकान के वारिस से उनका नाम हटवाकर अपने नाम पर चढ़वा लिया था। इसमें दंपती व नगर निगम के कर्मचारियों समेत नौ लोगों के खिलाफ कुतुबशेर थाने में अदालत के आदेश पर केस दर्ज हुआ था।

यह है स्वामित्व की प्रक्रिया

स्वामित्व कराने वाले को एक फार्म के साथ रजिस्ट्री, बैनामा या वसीयत के दस्तावेज लगाकर नगर निगम के टैक्स विभाग में जमा करने होते हैं।

संबंधित लिपिक इंस्पेक्टर मौके पर जाकर देखा है कि जिस व्यक्ति ने आवेदन किया है उस संपत्ति पर वही रह रहा है या नहीं। संबंधित लिपिक पुरानी पार्टी को धारा–213 का नोटिस जारी करता है। यदि एक महीने में आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो संपत्ति का नामांतरण कर दिया जाता है।

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, सिलेंडर फटने से वृद्धा झुलसी

जालौन, संवाददाता। जालौन जिले में बिजली की लाइन में शार्ट सर्किट होने से घर में आग लग गई। तेज लपटों से रसोई गैस का सिलेंडर फट गया। हादसे में घर में सो रही वृद्धा झुलस गई। उन्हें गंभीर हालत में ग्वालियर के लिए रेफर किया गया है। आग से घर में गृहस्थी का सामान और सवा तीन लाख नकदी सहित करीब दस लाख रुपये का सामान नष्ट हो गया। ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी कल्लू दोहरे गांव में नौटंकी का कार्यक्रम देखने गया था। घर में उनकी मां रामदेवी अकेली थीं। शनिवार रात करीब 12 बजे बिजली के तारों में हुई स्पार्किंग के कारण आग लग गई। धीरे–धीरे तेज लपटों ने पूरे मकान को घेरे में ले लिया। लपटों के कारण रसोई में रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इसके धमाके की आवाज सुन कर लोग घरों से बाहर निकल आए। इधर नींद खुलने पर वृद्ध रामदेवी बचाव के लिए बाहर की ओर भागीं, लेकिन लपटों से घिर कर वह झुलस गईं। ग्रामीण व कल्लू दोहरे ने लोगों के सहयोग से आग बुझाने के साथ फायर कर्मियों व पुलिस को सूचना दी। गंभीर रूप से झुलसी रामदेवी को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया।

दस लाख रुपये का सामान हो गया नष्ट

यहां गंभीर हालत होने पर उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंच कर फायर कर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कल्लू ने बताया कि ट्रैक्टर खरीदने के लिए घर में सवा तीन लाख रुपये नकद रखे थे, वह भी जल गए। घर में लगी आग से बक्से में रखी 3.30 लाख नकदी, दो लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात, 20 क्विंटल गेहूं, 25 क्विंटल भूसा, 70 प्लॉस्टिक के पाइप, 60 स्प्रिंकलर चिड़ियां सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

साथ ही, सिलेंडर फटने के कारण पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। आग से गाय व भैंस का एक बछड़ा झुलसा है, जबकि चार बकरियों की जलकर मौत हो गई है। कल्लू दोहरे की इस बार फसल अच्छी हुई थी और वह किसानी के लिए इस साल ट्रैक्टर खरीदना चाहता था। इसी के लिए उसने घर में 3.30 लाख रुपये की नकदी रख ली थी। दो दिन बाद वह ट्रैक्टर खरीदने के लिए जाने वाला था, लेकिन आग ने उसके अरमानों पर पानी फेर दिया।

## सात वर्ष के बच्चे की अपहरण के बाद हत्या, 50 लाख की रंगदारी मांगी

मेरठ, संवाददाता। मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र के धनपुर गांव में रविवार सुबह सात साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया। अपहरण कर्ताओं ने चिट्ठी फेंक कर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसएसपी और तीन थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई, बच्चे का शव गांव के बाहर मिला है। धनपुर गांव में जय भगवान यादव का परिवार रहता है। वह शिक्षक हैं। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह उनके बेटे सुमित यादव का अपहरण कर लिया गया। कुछ देर बाद घर के पास एक चिट्ठी पड़ी मिली। जिसमें अपहरणकर्ता ने 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। घटना की जानकारी पर एसएसपी, थाना इंचौली, मवाना और भावनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले में गांव के दो लोगों को हिरासत में लिया है। इसी दौरान बच्चे का शव गांव के बाहर पड़ा मिलने की सूचना मिली। ताजा जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र सात वर्ष है। उसका शव गांव के ही बार गन्ने के खेत में पड़ा मिला। उसके हाथ व पैर बंधे हुए थे और मुहं में गन्ना डाला हुआ था।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।